**NEWS CLIPPING: 03.08.2019**

**AMAR UJALA**

# काम के साथ कर सकेंगे दो वर्ष का एमबीए-एग्जीक्यूटिव कोर्स

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** नौकरी पेशे वालों के लिए काम के साथ उच्च शिक्षा हासिल करने की इच्छा रखने वालों के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय में साप्ताहिक पढ़ाई के साथ एमबीए डिग्री कोर्स शुरू किया है दो वर्षीय एमबीए- एग्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 5 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। दाखिला लेने वाले नौकरी पेशेवर हर शनिवार और रविवार को पढ़ाई कर सकते हैं।

प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन ने दो नियमित पाठ्यक्रम में प्रबंधन की पढ़ाई शुरू करने का निर्णय लिया है। पहला पाठ्यक्रम फाइनेंस, ह्यूमन रिसॉर्स तथा मार्केटिंग मैनेजमेंट में एमबीए, दूसरा पाठ्यक्रम रिटेल मैनेजमेंट, इंटरनेशनल बिजनेस मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट तथा मार्केटिंग मैनेजमेंट में एमबीए शामिल है। विगत वर्ष बीबीए भी शुरू की गई थी। डॉ. निगम ने बताया कि विभाग एमबीए के दोनों पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटों का प्रावधान है। दोनों ही पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों के अच्छे रूझान को देखते हुए विश्वविद्यालय ने कामकाजी पेशेवर युवाओं के लिए भी एमबीए - एग्जीक्यूटिव शुरू करने का निर्णय लिया है।

**AMAR UJALA**

# बीटेक में दाखिले का अंतिम अवसर

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय में बीटेक पाठ्यक्रम में सभी श्रेणियों (लेटरल एंट्री व बीटेक कश्मीरी विस्थापित श्रेणी सहित) की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए 6 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्थान स्तर पर होने वाली मैनुअल काउंसलिंग का दौर जारी है। रिक्त सीटों की स्थिति विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। विश्वविद्यालय कार्यक्रम के अनुसार पहली मैनुअल काउंसलिंग बीटेक (लेटरल एंट्री), बीटेक में कश्मीरी विस्थापित, ईडब्ल्यूएस व टीएफडब्ल्यू श्रेणी सहित आरक्षित सीटों के लिए 8 अगस्त को होगी। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 03.08.2019**

**HINDUSTAN**

# बीटेक में दाखिले का अंतिम अवसर

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में बीटेक पाठ्यक्रम में सभी श्रेणियों (लेटरल एंट्री व बीटेक कश्मीरी विस्थापित श्रेणी सहित) की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए 6 अगस्त तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहीं, काउंसलिंग भी चल रही है। रिक्त सीटों की स्थिति विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देखी जा सकतीहै।

विश्वविद्यालय की ओर से पहली काउंसलिंग बीटेक (लेटरल एंट्री), बीटेक में कश्मीरी विस्थापित, इडब्ल्यूएस और टीएफडब्ल्यू श्रेणी सहित आरक्षित सीटों के लिए 8 अगस्त को होगी। जबकि बीटेक के अन्य सभी श्रेणियों की रिक्त सीटों के लिए 9 एवं 10 अगस्त को काउंसलिंग होगी। सीट रिक्त रहने पर दूसरी व अंतिम काउंसलिंग 13 व 14 अगस्त को होगी।

**NEWS CLIPPING: 03.08.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

खास खबरें

# बीटेक के लिए 6 तक करें आवेदन

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी बीटेक कोर्स में दाखिले के लिए छात्रों को एक और मौका दे रही है। यूनिवर्सिटी ने बीटेक की सभी खाली सीटों के लिए 6 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद संस्थान अपने स्तर पर मैनुअल काउंसलिंग कर दाखिला प्रक्रिया पूरी करेगा। कोर्स में खाली सीटों की स्थिति संस्थान की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

# एमबीए के लिए 5 तक ऑनलाइन भरें फॉर्म

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी ने कामकाजी युवाओं के लिए दो वर्षीय एमबीए-एग्जीक्यूटिव कोर्स शुरू किया है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। युवा 5 अगस्त तक इसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस कोर्स की क्लासें हर सप्ताह शनिवार व रविवार को लगा करेंगी।

**NEWS CLIPPING: 03.08.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में दो वर्षीय एमबीए एग्जीक्यूटिव कोर्स शुरू

**भास्कर न्यूज | फरीदाबाद**

यदि आप नौकरीपेशा हैं और अपने रोजगार के साथ-साथ करियर को बेहतर बनाने के लिए उच्चतर शिक्षा को जारी रखना चाहते हैं तो जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने शुरू किया है एमबीए एग्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम। इस दो वर्षीय पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्त है। दाखिला लेनें वाले युवाओं के लिए कक्षाएं सप्ताह में शनिवार व रविवार को लगेंगी।

प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डा. आशुतोष निगम के अनुसार यूनिवर्सिटी में प्रबंधन में दो नियमित पाठ्यक्रम चलाए जा रहे है। इनमें पहला पाठ्यक्रम फाइनेंस, ह्यूमन रिसोर्स तथा मार्केटिंग मैनेजमेंट में एमबीए है और दूसरा पाठ्यक्रम रिटेल मैनेजमेंट, इंटरनेशनल बिजनेस मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट तथा मार्केटिंग मैनेजमेंट में एमबीए शामिल है। इसके अलावा विभाग ने गत वर्ष बीबीए भी शुरू किया है। डा. निगम के अनुसार विभाग की ओर से संचालित एमबीए के दोनों पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटों का प्रावधान है। अब यूनिवर्सिटी ने कामकाजी पेशेवर युवाओं के लिए एमबीए एग्जीक्यूटिव पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस पाठ्यक्रम को शुरू करने के लिए स्टूडेंट मांग कर रहे थे। इस पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के लिए न्यूनतम योग्यता किसी भी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक है। इसके अलावा अभ्यर्थी के पास स्नातक के बाद एक वर्ष का कार्य अनुभव होना भी अनिवार्य है। पाठ्यक्रम को 60 सीटों के साथ शुरू किया जा रहा है।

**NEWS CLIPPING: 03.08.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# बीटेक की रिक्त सीटों पर दाखिले को आवेदन 6 तक

फरीदाबाद| जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने बीटेक पाठ्यक्रम में सभी श्रेणियों की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए 6 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। यूनिवर्सिटी ने संस्थान स्तर पर होने वाली मैनुअल काउंसलिंग का कार्यक्रम जारी किया है। रिक्त सीटों की स्थिति संस्थान की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। पहली मैनुअल काउंसलिंग बीटेक (लेटरल एंट्री), बीटेक में कश्मीरी विस्थापित, ईडब्ल्यूएस व टीएफडब्ल्यू श्रेणी सहित आरक्षित सीटों के लिए 8 अगस्त को होगी।